# राजकीय महाविद्यालय सराहाँ
# जिला सिरमौर (हि.प्र.)

# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2023–2024

छठा वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

02 मार्च, 2024

**मुख्य अतिथि**

**प्रो0 हेमंत कुमार**

प्राचार्य, स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग
जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश


**प्रस्तुति**

**डॉ0 अनीता ठाकुर**

प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय सराहाँ, जिला सिरमौर (हि.प्र.)

# राजकीय महाविद्यालय सराहाँ
# जिला सिरमौर (हि.प्र.)

# राजकीय महाविद्यालय सराहाँ, सिरमौर (हि.प्र.)
# वार्षिक प्रतिवेदन (2023–2024)

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि आज हमारे महाविद्यालय के छठे वार्षिकोत्सव में प्रसिद्ध शिक्षाविद् प्रो0 हेमंत कुमार, प्राचार्य, स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग, जिला सोलन एवं पूर्व प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सराहाँ ने मुख्य अतिथि का निमंत्रण सहजता से स्वीकार कर हमें अनुगृहीत किया है। मैं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के इस पुनीत व पावन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो0 हेमंत कुमार का हार्दिक अभिनंदन, स्वागत करती हूँ। हमें बेहद प्रसन्नता है कि हमारे निमंत्रण पर सराहाँ के गणमान्य नागरिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए अपना कीमती समय निकालकर हमारे मध्य उपस्थित हुए हैं। मैं इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का भी स्वागत करती हूँ। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य, ऊर्जावान, कर्तव्यनिष्ठ, बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रो0 हेमंत कुमार ने अपनी व्यस्तताओं के बावजूद हमारा आग्रह स्वीकार करते हुए इस बात की पुष्टि की है कि हमारे इस महाविद्यालय के प्रति आपका विशेष लगाव है। प्रो0 हेंमत कुमार का जन्म सन् 1966 में नालागढ़ में हुआ। आपने अपनी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नालागढ़ में प्राप्त की। आपने अपनी विज्ञान में स्नातक की शिक्षा राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर से 1986 में पूर्ण की। इसके उपरान्त आपने पंजाब विश्वविद्यालय चड़ीगढ़ से भौतिक विज्ञान में M.Sc एवं M.Phil की डिग्री अर्जित की। 1993 में हिमाचल प्रदेश उच्चतर शिक्षा विभाग में राजकीय महाविद्यालय सीमा, रोहडू से भौतिक विज्ञान के लेक्चरर के रूप में शैक्षणिक यात्रा का आरंभ किया तत्पश्चात् राजकीय महाविद्यालय नाहन, राजकीय महाविद्यालय पाँवटा साहिब, राजकीय महाविद्यालय ठियोग में बतौर एसोसिएट प्रोफेसर अपनी सेवाएँ दी। वर्ष 2018 में पदोन्नति के उपरांत आपने बतौर प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय रोनहाट एवं अगस्त 2019 से जुलाई 2023 तक राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में अपनी सेवाएँ दी। वर्तमान में आप स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग, जिला सोलन में बतौर प्राचार्य अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। महोदय, इस महाविद्यालय के विकास में आपका आशीर्वाद व मार्गदर्शन सदैव रहा है, इसके लिए हम आपके आभारी है। इस नए भवन में स्थानान्तरण होने के बाद आपने नए सिरे से इस महाविद्यालय को अपनी मेहनत और लग्न से सिंचित किया है। आपका इस महाविद्यालय के प्रति विशेष स्नेह और आत्मीयता का रिश्ता रहा है। इस महाविद्यालय से स्थानान्तरित होने के बावजूद आपका महाविद्यालय के लिए हर प्रकार से सहयोग मिल रहा है जिसके लिए आपका विशेष आभार।

मुख्य अतिथि महोदय, अब मैं आपकी अनुमति से सत्र 2023–2024 के अंतर्गत महाविद्यालय में सम्पन्न विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कर रही हूँ।।

## महाविद्यालय परिचय

पच्छाद क्षेत्र के युवा–वर्ग को उच्चतर शिक्षा प्रदान करने और उन्हे अपनी अभिरूचियों व सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रदर्शित करने के उद्येश्य से राजकीय महाविद्यालय सराहाँ का शुभारंभ 12 जून, 2014 को हुआ। यह महाविद्यालय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से संबद्ध है। महाविद्यालय में कला और वाणिज्य संकाय में छात्र –छात्राएँ शिक्षा ग्रहण कर रहे है। इस महाविद्यालय के विद्यार्थी परिश्रमी, अनुशासनप्रिय और सरल हैं। महाविद्यालय का शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग निष्ठावान एवम परिश्रमी है जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहते है।

## हमारी दृष्टि

हमारी दृष्टि जीवन की गुणवत्ता में सुधार के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन में योगदान देने वाले मानवीय चेहरे के साथ अकादमिक उत्कृष्टता के लिए समर्पित प्रतिष्ठा का एक शैक्षणिक संस्थान बनाना है।

## हमारा लक्ष्य

हमारा लक्ष्य मानवता के साथ अकादमिक शिक्षा के माध्यम से दक्षताओं से संपन्न शिक्षार्थियों को विकसित करना है। हम अपने विद्यार्थियों को इस तरह से तैयार करने का प्रयास करते है कि जुनून और परिपक्वता के साथ ही निकट भविष्य में पेश आने वाली सामाजिक चुनौतियों के प्रति भी आत्म विश्वास के साथ संबद्ध रहे। हमारे विद्यार्थी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका निभाने में सक्षम रहे।

## विद्यार्थी संख्या

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में कुल 267 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे है। इसमें 61 छात्र तथा 206 छात्राएँ हैं। कला संकाय में 261 विद्यार्थी तथा वाणिज्य संकाय में 06 विद्यार्थी अध्ययनरत है। शिक्षा के साथ–साथ स्वास्थ्य तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि शिक्षेत्तर गतिविधियों को भी यथा–संभव महाविद्यालय में महत्व दिया जा रहा है।

# वर्गीकृत विद्यार्थियों की प्रवेश सारणी (2023–2024)

**Class wise enrolment of students as on 30.12.2023**
**in r/o Govt College Sarahan District Sirmaur HP**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | **13** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Stream** | Classwise / stream wise enrolmen | General | | SC | | ST | | OBC | | Total Boys (3+5+7+9) | Total Girls (4+6+8+10 ) | G. Total (11+12) |
| | | B | G | B | G | B | G | B | G | B | G | All |
| | B A-I | 7 | 19 | 6 | 21 | 0 | 0 | 1 | 10 | 14 | 50 | 64 |
| | B A-II | 11 | 38 | 7 | 32 | 0 | 0 | 0 | 15 | 18 | 85 | 103 |
| | B A-III | 13 | 41 | 11 | 15 | 0 | 0 | 0 | 14 | 24 | 70 | 94 |
| **Arts** | Total | 31 | 98 | 24 | 68 | 0 | 0 | 1 | 39 | 56 | 205 | 261 |
| | B. Com-I | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| | B. Com-II | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | | 1 |
| | B. Com-III | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 4 | 0 | 4 |
| **Commerce** | Total | 2 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 5 | 1 | 6 |
| | **G. Total** | **33** | **99** | **26** | **68** | **0** | **0** | **2** | **39** | **61** | **206** | **267** |

सभी वर्गो के कुल छात्र– छात्राओं की सख्यां 267 है ।

# परीक्षा परिणाम

| कक्षा | उत्तीर्ण % |
|---|---|
| बी.ए. तृतीय वर्ष | 100 % |
| बी.ए. द्वितीय वर्ष | 100 % |
| बी.ए. प्रथम वर्ष | 87 % |
| बी. कॉम तृतीय वर्ष | 100 % |
| बी. कॉम द्वितीय वर्ष | 100 % |
| बी. कॉम प्रथम वर्ष | 100 % |

## शिक्षक–गैर शिक्षक/कर्मचारी वर्ग

महाविद्यालय में इस समय 9 शिक्षक, 1 पुस्तकालयध्यक्षा तथा 7 गैर शिक्षक/कर्मचारी कार्यरत है। वरिष्ठ सहायक का एक पद रिक्त है। इस वर्ष जो शिक्षक गैर शिक्षक/कर्मचारी महाविद्यालय से स्थानांतरित हुए और उनके स्थान पर जो हमारे महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए, उनका विवरण इस प्रकार है:–

**आगमन** डॉ0 अनीता ठाकुर ने महाविद्यालय में प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। डॉ0 राजन कौशल (अंग्रेजी), श्रीमती किरण कांत (पुस्तकालयध्यक्षा), श्री संजीव कुमार (लिपिक) स्थानांतरित होकर महाविद्यालय में आए है। डॉ0 रीमा शर्मा (संगीत), प्रो0 कृष्ण दत्त (इतिहास), प्रो0 प्रियंका सराव (वाणिज्य संकाय) महाविद्यालय में बतौर सहायक आचार्य के रूप में प्रथम नियुक्ति ली।

**प्रस्थान** प्रो0 हेमंत कुमार (प्राचार्य) ने SCERT सोलन में पदभार ग्रहण किया। प्रो0 कमल डोगरा (वाणिज्य संकाय) श्री आशीष गौतम (वरिष्ठ सहायक), श्री राहुल (सहायक आई0 टी0/लिपिक) का स्थानांतरण हुआ।

## अभिभावक–प्राध्यापक संघ

महाविद्यालय में अभिभावकों, छात्रों एवं महाविद्यालय प्रशासन के मध्य समुचित समन्वय स्थापित करने एवं महाविद्यालय के विकासात्मक कार्यों में महती भूमिका का निर्वहन करने के लिए विगत कई वर्षो से यह संघ कार्यरत है। वर्तमान सत्र में इस संघ का गठन प्राचार्या एवं संरक्षक डॉ0 अनीता ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया जिसमें सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारी चयनित किए गए :–

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | श्री सुरेश कुमार |
| उपाध्यक्ष | श्री कौशल कुमार |
| सचिव | डॉ0 सुध्यान नेगी |
| मुख्य सलाहकार | श्री राजेश जिंदल |
| सलाहकार | श्रीमती शीतल शर्मा |
| कोषाध्यक्ष | श्री शम्भू नाथ |

इस सत्र में इस संघ ने महाविद्यालय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से जो निर्णय लिए, उनका विवरण इस प्रकार से है:–

महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा की दृष्टि से महाविद्यालय में CCTV कैमरा लगाने हेतु 49,619 की राशि व्यय की गई। पुस्तकालय के लिए पुस्तकें खरीदने हेतु लगभग 45,000 की राशि का योगदान दिया।

## "अभिव्यंजना" पत्रिका

महाविद्यालय की शैक्षणिक–सांस्कृतिक गतिविधियों का दर्पण तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की कलात्मक अभिव्यक्ति का मंच है महाविद्यालय की वार्षिक "अभिव्यंजना" पत्रिका। विभिन्न भाषाओं, अनुभागों एवं विद्यार्थियों की भाव–कल्पनाओं के इन्द्रधनुषी शब्द–रगों से चित्रित, सुसज्जित एवं सुशोभित पत्रिका महाविद्यालय की अनुपम अस्मिता है। इस पत्रिका के मुख्य संपादक का कार्यभार प्रो0 जगमोहन ठाकुर के पास है।

## छात्रवृत्तियाँ

वर्तमान सत्र में योग्य विद्यार्थियों के लिए कई छात्रवृतियां उपलब्ध है। इसमें अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, कल्पना चावलाछात्रवृत्ति योजना तथा विभिन्न प्रकार की राज्य तथा केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियों से महाविद्यालय के विद्यार्थी लाभान्वित हुए है। वर्तमान सत्र में महाविद्यालय के 36 विद्यार्थियों ने विभिन्न श्रेणियों की छात्रवृति हेतु आवेदन किया है। इसमें लगभग 3 लाख 59 हजार रूपये निकट भविष्य में छात्रों को छात्रवृत्ति के रूप में प्राप्त होने की संभावना है।

## पुस्तकालय

श्रीमती किरण कांत (पुस्तकालयध्यक्षा) के कुशल संचालन में क्रियाशील महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की लगभग 765 पुस्तकें संग्रहित है। इसके अतिरिक्त चार दैनिक समाचार पत्र व 9 सामान्य ज्ञान की किताबें भी विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन तथा बौद्धिक विकास के लिए व्यवस्थित किए गए हैं।

## केन्द्रीय छात्र परिषद (CSCA)

केन्द्रीय छात्र परिषद का गठन प्रत्येक वर्ष हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए नियमों के आधार पर होता है। केन्द्रीय छात्र परिषद का चुनाव इस सत्र में शैक्षणिक योग्यता के आधार पर हुआ। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सचिव, संयुक्त सचिव शैक्षणिक आधार पर मनोनीत किए गए:–

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | आशिता बी0ए0 तृतीय वर्ष |
| उपाध्यक्ष | निखिल बी0कॉम तृतीय वर्ष |
| सचिव | पायल शर्मा बी0ए0 द्वितीय वर्ष |
| संयुक्त सचिव | शिखा शर्मा बी0ए0 प्रथम वर्ष |

इन सभी पदाधिकारियों ने हमेशा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के हित के लिए प्रशासन के साथ मिलकर सक्रिय योगदान दिया।

## इको क्लब (Eco Club)

महाविद्यालय में इको कलब का गठन भी किया गया है, जिसका कार्यभार सहायक आचार्य प्रो0 कृष्ण दत्त के निर्देशन में चल रहा है। इको क्लब समय–समय पर अनेक गतिविधियों का संचालन करता है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षणके प्रति जागरूक करने का कार्य यह क्लब करता है।

## रेड रिबन क्लब(Red Ribbon Club)

महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब सम्बन्धी गतिविधियाँ राज्य एड्स सोसाईटी के दिशा निर्देश के अनुरूप की जाती है। रेड रिबन कलब द्वारा एड्स दिवस के अवसर पर एड्स जागरूकता सम्बन्धी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें लघु नाटिका का मंचन, एड्स जागरूकता रैली, प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। रेड रिबन क्लब का संचालन नोडल अधिकारी डॉ0 मोल्लम डोलमा द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

## नशा–विरोधी प्रकोष्ठ (Anti-Drug Cell)

समन्वयक प्रो0 सुदेश कुमार के निर्देशन में सक्रिय इस प्रकोष्ठ द्वारा नशा–मुक्ति अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण करवाई गई। एंटी ड्रग सेल द्वारा नशा निवारण जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## सड़क सुरक्षा क्लब (Road Safety Club)

रोड़ सेफ्टी क्लब का प्रमुख उद्येश्य महाविद्यालय के छात्रों को सड़क सुरक्षा तथा नियमावली की जानकारी देते हुए दुर्घटनाओं से बचाना है। इस क्लब के समन्वयक प्रो0 सुदेश कुमार की देख–रेख में रोड़ सेफ्टी क्लब के तहत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ करवाई गई। यह क्लब समय–समय पर विद्यार्थियों को सड़क दुर्घटनाओं के बारे में जागरूक करता है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

छात्रों के समग्र विकास की दृष्टि से उन्हे सामुदायिक व सामाजिक जीवन से जोड़ने के लिए महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई है। राष्ट्रीय सेवा योजना अपने सृजनात्मक व रचनात्मक सामाजिक कार्यों द्वारा समाज और विद्यार्थियो में जिम्मेदारी की भावना को जागृत करने में सफल रही है। इस उद्येश्य की पूर्ति के लिए यह इकाई वर्ष भर विभिन्न गतिविधियाँ करवाती है। "स्वयं से पहले आप" के ध्येय वाक्य पर कार्य करती है। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना में 100 स्वयं सेवक पंजीकृत है। इस सत्र के दौरान इकाई ने सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया। इस शिविर के दौरान 45 स्वयं सेवकों ने भाग लिया जिसमें 39 छात्राएं व 06 छात्र थे। प्रतिदिन अलग–अलग वक्ताओं ने शिविर में भाग ले रहे छात्रों को विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की। NSS इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो0 दिनेश कुमार के दूर दृष्टि व कुशल नेतृत्व में उत्कृष्ट कार्य कर रही है।

## करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल

समन्वयक प्रो. जगमोहन ठाकुर के निर्देशन में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल महाविद्यालय में सक्रिय रूप से कार्यरत है। इसका मुख्य उद्येश्य है कि विद्यार्थियों को रोजगार संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाना व उन्हें इस प्रकार के विशेषज्ञों का संबोधन करवाया जाए जिसमें विद्यार्थियों को उनके भविष्य एवं रोजगार संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त हो। इसके अंतर्गत निम्बस एकेडमी, हिमालयन ग्रुप रोजगार मेले के अंतर्गत जोब कोच डॉट इन चंडीगढ़ की एजेंसी से आए विभिन्न अतिथि वक्ताओं ने विद्यार्थियों के साथ एवं संवाद किया और उन्हे करियर गाइडेंस एवं रोजगार के बारे में अवगत करवाया।

## महिला प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा एवं विभिन्न समस्याओं के निवारण हेतु महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जो छात्राओं के अधिकार व समस्याओं के प्रति अत्यन्त संवेदनशील व क्रियाशील है। समय–समय पर महिला प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं को उनके अधिकारों एवं विभिन्न समस्याओं के प्रति जागरूकता के लिए अभियान चलाया जाता हैं। इस सत्र में विभिन्न कायक्रमों का आयोजन महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। महिला प्रकोष्ठ सेल द्वारा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में लैंगिक समस्याओं से संबधित विषय पर विद्यार्थियों को लैंगिक समानता, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया। इसके अतिरिक्त छात्राओं के लिए हेल्थ एंड हाइजिनिक विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें टीएनईएस अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य उद्योग से संबंधित श्रीमती गीता सिंह ने महाविद्यालय की छात्राओं को स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न प्रकार की बीमारियों के प्रति जागरूक करवाया और सक्रंमण से बचाव की जानकारी छात्राओं को दी।

## आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

किसी भी संस्थान में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निकाय है, जो महाविद्यालय के सभी गुणवत्त मामलों के लिए उत्तरदायी हैं। महाविद्यालय में दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आवश्यक योजना बनाना और पर्यवेक्षण करना आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ का महत्वपूर्ण कार्य है। वर्तमान में आंतरिक गुववत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रो0 जगमोहन ठाकुर के कुशल नेतृत्व में कार्य कर रहा है।

## पूर्व विद्यार्थी संगठन (OSA)

किसी भी संस्था के लिए उसके पूर्व विद्यार्थी बहुत बड़ी निधि होते हैं। महाविद्यालय अपने पूर्व विद्यार्थियों से बहुत लाभ उठा सकता है, जिसमें वित्तीय सहायता, नवाचारी विचार, सेवा, सलाह,सहयोग, के माध्यम से महाविद्यालय की गुणात्मक अभिवृद्धि करने में अपनी स्रकिय भूमिका निभा सकते है। पूर्व विद्यार्थियों के महत्व को देखते हुए राजकीय महाविद्यालय में भी पूर्व विद्यार्थी परिषद का गठन हुआ। पूर्व विद्यार्थी संगठन समय–समय पर अपने बहुमूल्य सुझाव देते है। इसमें सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारी चयनित किए गए :–

| | |
|---|---|
| प्रधान | आर्यन जिंदल |
| उप प्रधान | दीपिका शर्मा |
| सचिव | दिव्या |
| सह सचिव | प्रवीण कुमार |
| कोषाध्यक्ष | नीतिका शर्मा |
| मुख्य सलाहकार | रितु भारद्वाज |

## महाविद्यालय में सम्पन्न कुछ अन्य गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है:–

- 22 जून 2023 को विश्व योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा योगा किया गया।

- 23 जुलाई 2023 को महाविद्यालय में पूर्व प्राचार्य श्री हेमंत कुमार के कर कमलों द्वारा महाविद्यालय की प्रथम पत्रिका "अभिव्यंजना" का अनावरण किया गया।

- 26 जुलाई 2023 को NSS स्वयं सेवियों ने "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर तथा हनुमान मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

- 31 जुलाई 2023 को नया सत्र प्रारम्भ होते ही विद्यार्थियों के लिए INDUCTION PROGRAMME का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियोंको महाविद्यालय में चल रहे विभिन्न इकाईयों एवं सभी नियमों एंव वांछित व्यवहार के बारे में अवगत करवाया।

- 9 अगस्त 2023 को आजादी के 75 वर्ष के अमृतमहोत्सव के उपलक्ष्य पर "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर "वीरो का वन्दन" कार्यक्रम में पधारे अतिथियों श्री सूरत राम (रिटायर सूबेदार) व तारा दत्त शर्मा (रिटायर लांस हवलदार) को महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया।

- 22 अगस्त 2023 को महाविद्यालय में "मेरे सपनों का भारत" विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें हिमानी एवं महक ने प्रथम, साक्षी शर्मा ने द्वितीय एवं सोनिका ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

- 25 अगस्त 2023 को विद्याथियों के ज्ञानवर्धन के लिए महाविद्यालय में एक लिखित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अंशिल ने प्रथम, आर्यन कश्यप ने द्वितीय एवं आकाश चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

- 5 सितम्बर 2023 को डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर महाविद्यालय में अध्यापक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

- 6 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जोहाना घाट में हनुमान मन्दिर में एक दिवसीय कैंप लगाया।

- 12 सितंबर 2023 को महाविद्यालय में डॉ0 राजन कौशल के निर्देशन में पोस्टर मेकिंग, कार्टून मेकिंग, रंगोली प्रतियोगिता एवं कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- 12 सितंबर 2023 को नेपाल से आए "बर्ड़मेन" के नाम से विख्यात गौतम सपकोटा ने महाविद्यालय में विद्यार्थियों को वन्य जीवों, पक्षियों और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। उन्होने विभिन्न पक्षियों व जानवरों की आवाजें निकालकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

- 14 सितंबर 2023 को हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में डॉ0 मोल्लम डोलमा के निर्देशन में भाषण प्रतियोगिता नारा लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। भाषण प्रतियोगिता में हिमानी शर्मा ने प्रथम, महक शर्मा ने द्वितीय तथा साक्षी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

- 15 सितंबर 2023 को "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही स्वयंसेवियों ने मार्च पास्ट ड्रिल का भी अभ्यास किया।

- 18 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों एवं अन्य विद्यार्थियों द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत स्वच्छता की शपथ ली गई।

- 23 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया।

- 23 सितंबर 2023 को महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ0 अनीता ठाकुर की अध्यक्षता में नई पीटीए कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस बैठक में अभिभावक, शिक्षक एवं गैर–शिक्षक कर्मचारी शामिल हुए।

- 23 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वसंसेवियों ने पुराना बस स्टैंड पर सफाई की तथा लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया।

- 25 सितंबर 2023 को NSS अधिकारी प्रो0 दिनेश कुमार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

- 28 से 30 सितम्बर 2023 तक राजकीय महाविद्यालय सराहाँ से 8 विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के युवा उत्सव के ग्रुप–1 में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसके अन्तर्गत प्रश्नोत्तरी, भाषण, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, कार्टूनिंग एवं कोलाज मेकिंग शामिल है। इनमें विद्यार्थियों ने उत्तम प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए डॉ0 राजन कौशल एवं श्रीमती श्यामा उनके साथ उपस्थित रहे।

- 30 सितंबर 2023 को महाविद्यालय में शंकर दयाल सिंह पुरस्कार से सम्मानित डॉ0 मनोज शर्मा ने विद्यार्थियों को शोध कार्य एवं सिरमौर रियासत के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही पुस्कालय के लिए इन्होंने स्वरचित तीन पुस्तकें भेंट की।

- 10 अक्तूबर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के तहत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस अभियान के दौरान शिक्षक व विद्यार्थियों द्वारा लाई गई मिट्टी व चावल को एक कलश में इकट्ठा किया गया।

- 13 अक्तूबर 2023 को सिविल अस्पताल सराहाँ के माध्यम से "स्वास्थ्य शिक्षा" पर एक कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 संदीप शर्मा बी0 एम0 ओ0 सराहाँ द्वारा डेंगू, स्क्रब टायफस, ट्युबरक्लोसिस जैसी बीमारियों के लक्षणों व रोकथाम पर विस्तृत जानकारी दी गई।

- 17 अक्तूबर से 19 अक्तूबर 2023 तक "बेहतर आपदा तैयारी प्रतिक्रिया के लिए युवा स्वयंसेवकों की टास्क फोर्स का निर्माण" के लिए बी0 डी0 ओ0 कार्यालय सराहाँ में महाविद्यालय के 15 विद्यार्थियों ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया, जिसका आयोजन डीडीएमए सिरमौर द्वारा किया गया।

- 27 अक्तूबर, 2023 को उद्योग विभाग से उद्योग विस्तार अधिकारी श्री जितेन्द्र जी को आंमत्रित किया जिन्होने स्वरोजगार संबंधी योजनाओं के अंतर्गत किस प्रकार से रोजगार से ऋण प्राप्त किया जा सकता है,के विषय में विद्यार्थियो को अवगत करवाया।

- 30 अक्तूबर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारत" थीम के तहत दौड़ का आयोजन किया गया।

- 2 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने राजकीय महाविद्यालय पट्टी पटेल (पझौता) में होने वाली विभिन्न Online प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें राजकीय महाविद्यालय सराहाँ की प्रियंका ने कोलाज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया व सोनिका ठाकुर ने कोलाज में तृतीय स्थान एवं साक्षी शर्मा ने प्रस्ताव लेखन में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

- 3 नवंबर 2023 को सत्र 2023–24 के लिए महाविद्यालय केंद्रीय छात्र संघ की कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

- 4 नवम्बर, 2023 को करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा हिमाचल कौशल विकास निगम से श्री कुमार गौरव, श्री मनोज एवं श्री मृदुल को आमंत्रित किया व उन्होने "फूड़ प्रोसेसिंग" से संबंधित प्रशिक्षण एवं ऋण संबंधी जानकारी विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई।

- 7 नवम्बर, 2023 को करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सैल द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी उपयोगी जानकारी के लिए निम्बस अकादमी चण्डीगढ़ से श्री दिनेश एवं श्री नमन ठाकुर को आमंत्रित किया गया। जिन्होने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं को किस प्रकार से उत्तीर्ण कर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है, विषय पर जानकारी दी।

- 10 नवंबर 2023 को Electoral Literacy Club द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को चुनाव के दिन मतदाता द्वारा वोट डालने संबंधी प्रकिया के बारे में जानकारी दी गई।

- 21 नवंबर से 23 नवंबर 2023 तक लगभग 15 विद्यार्थियों ने खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में तीन दिवसीय आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त किया।

- 25 नवंबर 2023 को प्रो0 दिनेश कुमार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व राजनीति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में "संविधान दिवस" हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

- 30 नवंबर 2023 को Electoral Literacy Club द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए मतदाता नामांकन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में निर्वाचन कानूनगो मनोज चौहान ने विद्यार्थियों को निर्वाचन व मतदाता नामांकन से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की।

- 1 दिसंबर 2023 को विश्व एडस जागरूकता दिवस पर महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब द्वारा जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 सन्दीप शर्मा बी0 एम0 ओ0 पच्छाद ने विद्यार्थियों को एड्स के प्रति जागरूक किया।

- 2 दिसंबर 2023 को डॉ0 मोल्लम डोलमा के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब के विद्यार्थियों महक, मुस्कान एव इशिता ठाकुर ने CMO सिरमौर द्वारा नाहन में आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया जिसका मुख्य विषय था "एड्स जागरूकता"।

- 2 दिसंबर 2023 को डॉ राजन कौशल के निर्देशन में अंग्रेजी विभाग में एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

- 6 दिसंबर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जोहाना घाट में एक दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया।

- 7 दिसंबर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के स्वयंसेवियों एवं विद्यार्थियों के लिए कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम संबंधी अधिनियम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- 23 दिंसबर से 29 दिंसबर 2023 तक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सप्त दिवसीय विशिष्ट शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 45 स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, मनोरंजनात्मक तथा अनेक प्रकार की गतिविधियों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के समापन समारोह में सेवानिवृत प्राचार्य एवं समाजसेवी श्री अमर सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की । इस दिवस पर मुख्य अतिथि की ओर से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और इस प्रतियोगिता में बेहतर प्र्रदशन करने वाले विद्याथियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए।

- 16 फरवरी, 2024 को राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में Old Students'Association का गठन किया गया।

- 19 फरवरी, 2024 को महाविद्यालय में रोड़ सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। इसके साथ ही एक जागरूकता रैली भी निकाली गई।

- 20 फरवरी 2024 को प्रो0 जगमोहन ठाकुर के निर्देशन में महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत Jobcoach.in Placement Agency ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया एवं उन्हें आश्वासन दिया कि उनके वार्षिक परीक्षा के उपरांत दूरभाष से साक्षात्कार के अगले चरण से संबंधित सूचना दी जाएगी तथा उन्हें बैंकिग सेक्टर,फाइनेंस सेक्टर अथवा कॉन्टेंट राइटिंग से संबंधित रोजगार पाने के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

- 20 फरवरी 2024 को महाविद्यालय में प्रो0 सुदेश कुमार और प्रो0 दिनेश कुमार द्वारा समाज में बढ़ती नशावृत्ति के विषय पर पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।

22 फरवरी 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जोहाना घाट के हनुमान मंदिर परिसर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

- 23 फरवरी 2024 को महाद्यिालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय के छात्राओं के लिए हेल्थ एंड हाइजीन विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## शिक्षक–वर्ग की शैक्षिक उपलब्धियाँ

### डॉ0 सुध्यान सिंह नेगी, सहायक आचार्य (समाजशास्त्र)

- शिक्षण अध्ययन केन्द्र रामानुजन महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 28 अगस्त से 3 सितम्बर, 2023 तक आयोजित 'National Education Policy 2020' विषय पर संकाय संवर्धन कार्यक्रम को A+ ग्रेड सहित सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

- HRDC लखनऊ विश्वविद्यालय से दिनाँक 8 जनवरी से 22 जनवरी, 2024 तक समाजशास्त्र विषय पर रिफ्रेशर कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया।

### प्रो0 दिनेश कुमार सहायक आचार्य (राजनीति–शास्त्र)

- टीचिंग लर्निंग सेंटर रामानुजन कॉलेज,विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा प्रायोजित दिनांक 22 मई से 5 जून, 2023 तक "Advance Research Methodology" पर द्विसप्ताहिक ऑनलाइन इंटरडिसिप्लिनरी रिफ्रेशर कोर्स A+ ग्रेड सहित सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

### प्रो0 सुदेश कुमार, सहायक आचार्य (वाणिज्य विभाग)

- टीचिंग लर्निंग सेंटर रामानुजन कॉलेज,विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा आयोजित दिनांक 22 मई से 5 जून, 2023 तक "Advance Research Methodology" पर द्विसप्ताहिक ऑनलाइन इंटरडिसिप्लिनरी रिफ्रेशर कोर्स A+ ग्रेड सहित सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

- परिवहन विभाग एवं सड़क सुरक्षा इकाई द्वारा आयोजित 1, 2 जून 2023 को HIPA शिमला में सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण/कार्यशाला में भाग लिया।

## डॉ. मोल्लम डोलमा, सहायक आचार्य ( हिन्दी )

- लैवेंडर लिटरेरी क्लब, इण्डिया, मलेशियन इंडस्ट्रीयल रिलेशंस और मानव संसाधन संगठन के संयुक्त तत्वाधान "Research Article writing, Editing and Publishing" विषय पर 12 से 14 अक्तूबर 2023 तक आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वर्चुअल कार्यशला में सहभागिता की।

- हिन्दी विभाग, विज्ञान एवं मानविकी संकाय एस0 आर0 एम0 इस्टीट्यूट ऑफ साईंस एंड टेकनोलॉजी चैन्नई द्वारा 25 अक्तूबर से 31 अक्तूबर 2023 तक आयोजित साप्ताहिक फैकल्टी डेवलमेंट प्रोगाम में भाग लिया और "कबीर के काव्य में दार्शनिकता" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग से दिनांक 31 अक्तूबर, 2023 को "शशिप्रभा शास्त्री के कथा–साहित्य में युगबोध " विषय पर Ph.D की उपाधि प्राप्त की।

- वैश्विक हिंदी संगठन, नीदरलैंड्स और गोपालराम गहमरी साहित्य मंच, गहमर के संयुक्त तत्वाधान में 22 व 23 दिसंबर 2023 को आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और "निराला के काव्य में आध्यात्मिक चेतना" विषय पर शोध आलेख प्रस्तुत किया।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मालवीय मिशन प्रशिक्षण केंद्र एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में 9 जनवरी 2024 से 18 जनवरी 2024 तक आयोजित "NEP2020 Orientation & Sensitization" कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया।

- पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण अध्ययन केंद्र शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में हंसराज महाविद्यालय दिल्ली द्वारा 12 से 17 फरवरी 2024 तक आयोजित "नई शिक्षा नीति 2020 में भाषा और साहित्य की प्रासंगिकता" विषय पर साप्ताहिक संकाय संवर्धन कार्यक्रम (ऑनलाइन) सफलतापूर्वक पूरा किया।

## आभार

अंत में, मैं, मुख्य अतिथि आदरणीय प्रो0 हेमंत कुमार (प्राचार्य SCERT) जी का आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने अपनी व्यस्तताओं के बावजूद हमारे लिए समय निकाला एवं हमारा मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया है। यहाँ उपस्थित समस्त गणमान्य अतिथियों के प्रति भी आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने इस उत्सव में शामिल हो कर हमारी खुशियों में अभिवृद्धि की है। सराहाँ के स्थानीय प्रशासन पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य विभाग तथा मीडिया का आभार व्यक्त करती हूँ कि समय–समय पर हमें इनसे अपेक्षित सहयोग मिलता रहा है। मैं शिक्षक–अभिभावक संघ के पदाधिकारियों तथा इस अवसर पर आए सभी अतिथियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय निकालकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और आज के इस समारोह को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में, मैं उन सभी विद्यार्थियों को बधाई देती हूँ जिन्होंने शिक्षा तथा अन्य क्षेत्रों में अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम, गुरूओं तथा माता पिता का नाम रोशन किया है। जिन्हें इस वर्ष पुरस्कार नहीं मिला, वे उन सफल विद्यार्थियों से प्रेरणा लेकर अगली कक्षा तथा इस सत्र में परिश्रम द्वारा योग्यता और सफलता प्राप्त करें। इसके साथ ही मैं सभी विद्यार्थियों के सुखद, सफल तथा उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करती हूँ।

**धन्यवाद।**
**जय हिन्द ! जय हिमाचल**